

# माइक्रोफ़ाइनेंस पल्स रिपोर्ट

चौदवां संस्करण – नवंबर, 2022

EQUIFAX | ज्ञान से विश्व का सशक्तीकरणट टीएम

# विश्लेषक संपर्क


इक्विफ़ैक्स

किरण समुद्राला
हैड – आंकड़ा विश्लेषक
kiran.samudrala@equifax.com

श्रुति जोशी
हैड – इंसाइट्स एवं विश्लेषक
shruti.joshi@equifax.com

वंदना पांचाल
एसोशिएट प्रबन्धक - इंसाइट्स एवं विश्लेषक
vandana.panchal@equifax.com

सिडबी

संजय जैन
मुमप्र-ईआरडीएवी
erdav@sidbi.in

हैंगजो जिन्सुस्मूंग
समप्र- ईआरडीएवी
erdav@sidbi.in

वंदना श्रीवास्तव
सप्र - ईआरडीएवी
erdav@sidbi.in

# विषयसूची


| | |
|---|---|
| कार्यपालक सारांश | 04 |
| संक्षिप्ताक्षर एवं शब्दावली | 05 |
| माइक्रोफ़ाइनेंस उद्योग पर्यवलोकन | 06 |
| संवितरण के रुझान | 09 |
| उद्योग जोखिम रूपरेखा | 12 |
| आकांक्षी जिले | 14 |
| ग्राहक स्तर का विश्लेषण | 16 |
| पूछताछ विश्लेषण | 18 |

# कार्यपालक सारांश

एमएफआई पल्स रिपोर्ट का 14वां संस्करण ब्यूरो को 30 जून 2022 तक की अवधि के लिए प्रस्तुत आंकड़ों पर आधारित है।

30 जून 2022 तक माइक्रोफाइनेंस उद्योग का संविभाग बकाया 266,541 करोड़ रुपये है जिसमें 1,041 लाख सक्रिय ऋण और 5 करोड़ सक्रिय अद्वितीय उधारकर्ता हैं। बकाया संविभाग में बैंकों का सर्वाधिक योगदान है। बैंकों, एनबीएफसी-एमएफआई और लघु वित्त बैंकों का बकाया संविभाग में 90% और अप्रैल मई जून 22 तिमाही में संवितरण राशि में 89% योगदान है। माइक्रोफाइनेंस उद्योग जून 2021 से जून 2022 तक 20% बढ़ा और मार्च 2022 से जून 2022 तक 1% की तिमाही दर तिमाही वृद्धि देखी गई। एनबीएफसी ने जून 2021 से जून 2022 तक 56% की उच्चतम वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि देखी। अप्रैल मई जून'21 से अप्रैल मई जून '22 तक मूल्य के हिसाब से संवितरण में 116% और मात्रा के हिसाब से 92% की वार्षिक वृद्धि देखी गई। एनबीएफसी ने अप्रैल मई जून '21 से अप्रैल मई जून '22 तक संवितरण राशि के मामले में 265% और ऋण संवितरण के मामले में 225% की उच्चतम वृद्धि देखी। 30k-40k टिकट आकार श्रेणी के तहत सबसे अधिक ऋण जारी किए गए हैं और इसमें अप्रैल मई जून ' 21 से अप्रैल मई जून ' 22 तक 153% की वार्षिक वृद्धि देखी गई है।

जून 2021 की तुलना में जून 2022 में सभी अपचारिता बकेट में गिरावट आई है। पिछली देय राशि श्रेणी के 60-89 दिनों को छोड़कर मार्च 2022 से जून 2022 तक अन्य सभी अपचारिता बकेट में गिरावट हुई है।

आकांक्षी जिलों में 30 जून 2022 तक बकाया संविभाग 37,124 करोड़ रुपये है और जून 2021 से जून 2022 तक इसमें 29% की वृद्धि हुई है। आकांक्षी जिलों में जुलाई 2021 से जून 2022 तक 41,025 करोड़ रुपये के ऋण संवितरित किए गए।

लघु वित्त बैंक के बाद 25k – 50k बकाया श्रेणी में एनबीएफसी के उधारकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक है। लाभ विहीन एमएफआई को छोड़कर, 50% से अधिक उधारकर्ता >=25के बकाया श्रेणी में आते हैं।

इस संस्करण में हमने इंडेक्स्ड एमएफआई इंक्वायरी वॉल्यूम विश्लेषण पेश किया है। कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद माइक्रोफाइनेंस उद्योग ने नई ऋण पूछताछ में सुधार दिखाया है। मार्च'21 से जून'22 के बीच सितंबर 2021 के महीने में सबसे ज्यादा पूछताछ हुई। जून 2021 की तुलना में जून 2022 में अधिक संख्या में पूछताछ की गई।

# संक्षिप्ताक्षर एवं शब्दावली

- एटीएस (औसत ऋण आकार) = संवितरित राशि / ऋणों की संख्या /
- डीपीडी = पिछली देय राशि के दिन

- वर्तमान बकाया संविभाग (POS) या उधारकर्ता या सक्रिय ऋण = 0 to 179 डीपीडी + नए खाते + चालू खाते
- एमएफआई = माइक्रोफ़ाइनेंस संस्थान
- पीओएस = बकाया संविभाग
- यूटी = संघ शासित क्षेत्र
- आकांक्षी जिले (एडी) - नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा जनवरी 2018 में मानव विकास सूचकांक को बढ़ाने के लिए सुधार के लिए पहचान किए गए जिले (वर्तमान में संख्या 117 है) जो स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और मूलभूत बुनियादी ढांचे जैसे समग्र संकेतांकों पर आधारित है।
- 1-179 = 1 से 179 डीपीडी / सक्रिय पीओएस

 1-29 = 1 से 29 डीपीडी / सक्रिय पीओएस

- 30-59=30 से 59 डीपीडी / सक्रिय पीओएस
- 60-89=60 से 89 डीपीडी / सक्रियपीओएस
- 90-179 = 90 से 179 डीपीडी / सक्रीय पीओएस
- 30+ अपचारिता = 30-179 डीपीडी / सक्रीय पीओएस
- 90+ अपचारिता = 90-179 डीपीडी / **सक्रीय** पीओएस
- अप्रैल मई जून 21 = अप्रैल 2021 से जून 2021
- जुलाई अगस्त सितंबर 21 = जुलाई 2021 से सितंबर 2021
- अक्तूबर नवंबर दिसंबर 21 = अक्तूबर 2021 से दिसंबर 2021
- जनवरी फरवरी मार्च 21 = जनवरी 2021 से मार्च 2021
- अप्रैल मई जून 22 = अप्रैल 2022 से जून 2022

EQUIFAX

sidbi




# सूक्ष्म वित्त उद्योग पर्यावलोकन


# 30 जून, 2022 तक - सूक्ष्म वित्त उद्योग का आशुचित्र

| 30 जून, 2022 तक - आशुचित्र | बैंक | लघु वित्त बैंक | एनबीएफसी-एमएफआई | एनबीएफसी | लाभ विहीन एमएफआई | कुल उद्योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनन्य चालू उधारकर्ता ('000) | 25,548 | 12,099 | 23,286 | 7,524 | 964 | 69,421 |
| सक्रिय ऋण ('000) | 38,975 | 16,161 | 39,139 | 8,576 | 1,279 | 104,130 |
| संविभाग (₹करोड़) | 98,445 | 44,810 | 95,671 | 25,232 | 2,383 | 266,541 |
| संवितरित राशि (₹करोड़) – अप्रैल मई जून' 22 | 20,868 | 9,458 | 21,640 | 5,901 | 266 | 58,133 |
| औसत ऋण आकार (₹) – अप्रैल मई जून 22 | 37,743 | 45,118 | 38,756 | 44,482 | 44,380 | 39,830 |
| 30+ अपचारिता (बकाया संविभाग) | 7.36% | 5.29% | 3.24% | 2.02% | 2.96% | 4.99% |
| 90+ अपचारिता (बकाया संविभाग) | 2.32% | 1.99% | 1.58% | 0.79% | 1.12% | 1.85% |


अनन्य चालू उधारकर्ता





सक्रिय ऋण ('000)




सक्रिय ऋण (₹करोड़)




संवितरित राशि (₹करोड़) – अप्रैल




बैंक/ लविबैं एनबीएफसी-एमएफआई एनबीएफसी लाभ विहीन एमएफआई

- 30 जून 2022 तक एमएफआई उद्योग का बही आकार ₹ 266,541 करोड़ है।
- बकाया संविभाग में बैंकों की बाज़ार हिस्सेदारी सबसे अधिक 37% है।
- अप्रैलमईजून'22 तिमाही में बैंक, एनबीएफसी-एमएफआई और एसएफबी बकाया संविभाग में 90% और संवितरण राशि में 89% योगदान है।
- एसएफबी और लाभ विहीन एमएफआई का औसत टिकट आकार उद्योग टिकट आकार से अधिक है
- एनबीएफसी-एमएफआई, एनबीएफसी और लाभ उद्देश्य विहीन एमएफआई की 30 + और 90 + अपचारिता उद्योग की अपचरिता से कम है


एसएफबी, बैंक, एनबीएफसी-एमएफआई, एनबीएफसी और लाभ विहीन एमएफआई के साथ कई संबंध रखना
नोट: एमएफआई घटक में ~ 5 करोड़ अनन्य उधारकर्ता हैं। ग्राहकों की अनन्य संख्या में अंतर ग्राहकों के कारण है।

# सूक्ष्म वित्त उद्योग पर्यावलोकन

बकाया सांविभाग (₹करोड़)

| उधारदाता प्रकार | जून 21 | सितंबर 21 | दिसंबर 21 | मार्च 22 | जून 22 | वर्ष दर वर्ष वृद्धि% |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बैंक | 95,674 | 92,725 | 93,841 | 102,032 | 98,445 | 3% |
| लघु वित्त बैंक | 35,345 | 36,863 | 39,675 | 44,134 | 44,810 | 27% |
| एनबीएफसी-एमएफआई | 72,856 | 79,932 | 84,065 | 94,481 | 95,671 | 31% |
| एनबीएफसी | 16,140 | 14,621 | 16,337 | 19,155 | 25,232 | 56% |
| लाभ उद्देश्य विहीन एमएफआई | 2,045 | 1,982 | 2,260 | 2,800 | 2,383 | 17% |
| कुल उद्योग | 222,060 | 226,123 | 236,178 | 262,602 | 266,541 | 20% |
| तिमाही दर तिमाही संवृद्धि दर % | | 2% | 4% | 11% | 1% | |

## ऋणदाता प्रकार के अनुसार बाजार हिस्सेदारी के रुझान




- सूक्ष्म वित्त उद्योग जून 2021 से जून, 2022 तक 20% बढ़ा और मार्च 2022 से जून, 2022 तक 1% वर्ष दर वर्ष वृद्धि देखी गई ।
- एनबीएफसी ने जून 2021 से जून 2022 तक 56% की उच्चतम वर्ष दर वर्ष वृद्धि देखी है।



# संवितरण के रुझान


(लाख में)

# संस्थानवार - संवितरण रुझान

संवितरित ऋणों की संख्या(लाख में)

| उधारकर्ता का प्रकार | अप्रैल मई जून' 21 | जुलाई अगस्त सितंबर'21 | अक्तूबर नवंबर दिसंबर' 21 | जनवरी फरवरी मार्च' 22 | अप्रैल मई जून' 22 |
|---|---|---|---|---|---|
| बैंक | 42 | 79 | 70 | 94 | 55 |
| लघु वित्त बैंक | 10 | 36 | 29 | 30 | 21 |
| एनबीएफसी-एमएफआई | 19 | 69 | 65 | 79 | 56 |
| एनबीएफसी | 4 | 9 | 13 | 17 | 13 |
| लाभ उद्देश्य विहीन एमएफआई | 1 | 2 | 3 | 4 | 1 |
| कुल उद्योग | 76 | 195 | 180 | 224 | 146 |

## उधारकर्तावार बाजार हिस्सेदारी के रुझान




- एमएफआई उद्योग कोविड19 की दूसरी लहर से उभर रहा है, अप्रैल मई जून, 21 से अप्रैल मई जून, 22 तक मूल्य के हिसाब से संवितरण में 116% और मात्रा के हिसाब से 92% की वार्षिक वृद्धि देखी गई।

एनबीएफसी ने अप्रैल मई जून, 21 से अप्रैल मई जून, 22 तक ऋण संवितरण और संवितरण राशि के माले में उच्चतम वृद्धि देखी गई।


अस्वीकरण : पिछली सभी तिमाहियों के स्रोत आंकड़ों को सदस्यों से प्राप्त अद्यतित के आधार पर अद्यतन किया गया है।

# उद्योग ऋण आकार रुझान

संवितरित ऋणों की संख्या (लाख में)

| टिकिट आकार | अप्रैल मई जून' 21 | जुलाई अगस्त सितंबर' 21 | अक्तूबर नवंबर दिसंबर' 21 | जनवरी फरवरी मार्च ' 22 | अप्रैल मई जून' 22 | वर्ष दर वर्ष वृद्धि दर % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0K-10K | 10 | 18 | 10 | 11 | 6 | -40% |
| 10K-20K | 7 | 20 | 13 | 16 | 9 | 29% |
| 20K-30K | 13 | 34 | 25 | 30 | 17 | 31% |
| 30K-40K | 17 | 48 | 51 | 64 | 43 | 153% |
| 40K-50K | 11 | 30 | 31 | 39 | 28 | 155% |
| 50K-60K | 9 | 25 | 24 | 30 | 21 | 133% |
| 60K प्लस | 9 | 20 | 26 | 34 | 22 | 144% |
| कुल | 76 | 195 | 180 | 224 | 146 | 92% |
| तिमाही दर तिमाही ऋण संवितरण वृद्धि दर % | - | 157% | -8% | 24% | -35% | - |
| अखिल भारतीय एटीएस (₹) | 35,438 | 35,299 | 39,194 | 40,080 | 39,830 | 12% |
| तिमाही दर तिमाही एटीएस वृद्धि दर % | - | -0.4% | 11% | 2% | -1% | - |

## संवितरित ऋणों की संख्या




- 30k-40k टिकिट आकार श्रेणी के तहत सब से अधिक ऋण जारी किए गए हैं और इसमें अप्रैल मई जून, 21 से अप्रैल मई जून, 22 तक 153%वृद्धि देखी गई है।
- अप्रैल मई जून, 21 से अप्रैल मई जून, 22 तक एटीएस में 12% वृद्धि हुई

अस्वीकरण : पिछली सभी तिमाहियों के स्रोत आंकड़ों को सदस्यों से प्राप्त अद्यतित के आधार पर अद्यतन किया गया है।

EQUIFAX

sidbi





# उद्योग ऋण आकार रुझान

# अपचारिता रुझान

| रिपोर्टिंग तिमाही | 1-29 दिनों की पिछली देय राशि | 30-59 दिनों की पिछली देय राशि | 60-89 दिनों की पिछली देय राशि | 90-179 दिनों की पिछली देय राशि | 1-179 दिनों की पिछली देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| जून' 21 | 14.90% | 10.14% | 3.38% | 3.01% | 31.43% |
| सितंबर' 21 | 8.64% | 5.44% | 1.74% | 2.95% | 18.77% |
| दिसंबर'21 | 5.03% | 3.19% | 2.14% | 3.44% | 13.80% |
| मार्च' 22 | 2.93% | 1.71% | 1.12% | 2.43% | 8.19% |
| जून' 22 | 2.69% | 1.44% | 1.71% | 1.85% | 7.69% |

**पिछली देय राशि दिनों के अनुसार अपचारिता**




- जून 2021 की तुलना में जून 2022 में सभी अपचारित बकेट में गिरावट आई है
- पिछली देय राशि 60-89 दिनों के श्रेणी को छोड़कर मार्च 2022 की तुलना में जून 2022 में अन्य सभी अपचारिता में कमी आई है





# आकांक्षी जिले

# आकांक्षी ज़िले – जून 2022 पर्यावलोकन

| आकांक्षी जिले वृद्धि विवरण | 30 जून, 2021 | 30 जून, 2022 | वृद्धि % |
|---|---|---|---|
| सक्रिय उधारकर्ता व्यापन ('000) | 8,143 | 9,867 | 21% |
| संवितरण राशि (₹करोड़) | 30,353* | 41,025** | 35% |
| सक्रिय ऋण ('000) | 12,730 | 15,031 | 18% |
| बकाया संविभाग (₹- करोड़) | 28,737 | 37,124 | 29% |
| 30+ अपचारिता | 11.80% | 3.98% | - |
| 90+ अपचारिता | 2.36% | 1.48% | - |

- आकांक्षी जिलों के लिए 30 जून 2022 को संविभाग बकाया ₹ 37,124 करोड़ था और जून 2021 से जून 2022 तक इसमें 29% की वृद्धि हुई
- जून 2021 से जून 2022 तक आकांक्षी जिलों में सक्रिय ऋण लेने वालों की संख्या में 21% की वृद्धि हुई
- आकांक्षी जिलों में जुलाई 2021 से जून 2022 तक ₹ 41,025 करोड़ के ऋण वितरित किए गए थे
- बैंकों और लघु वित्त बैंकों में 30+ और 90+अपचारिता आकांक्षी जिलों के समग्र 30+ और 90+ अपचारिता से अधिक है








नोट: संवितरण जुलाई 2020 से 3जून 2021 | ** संवितरण जुलाई 2021 से 3जून 2022 | अपचारिता की गणना पीओएस के आधार पर की जाती है



# उधारकर्ता स्तर विश्लेषण

# 30 जून 2022 तक बकाया राशि के अनुसार सक्रिय




<10k बकाया राशि के अनुसार सक्रिय उधारकर्ताओं की संख्या
25k-50k के बीच बकाया राशि के अनुसार सक्रिय उधारकर्ताओं की संख्या


10K-25K के बीच बकाया राशि के अनुसार सक्रिय उधारकर्ताओं की संख्या
>=50k बकाया राशि के अनुसार सक्रिय उधारकर्ताओं की संख्या

- एसएफबी के बाद 25k-50k बकाया श्रेणी में एनबीएफसी के उधारकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक है
- लाभ विहीन एमएफआई को छोड़कर, 50% से अधिक उधारकर्ता >=25k बकाया श्रेणी में आते हैं



# पूछताछ विश्लेषण

# अनुक्रमित एमएफआई पूछताछ मात्रा




- कोविड-19 की दूसरी लहर के बाद माइक्रोफाइनेंस उद्योग ने नई ऋण पूछताछ में सुधार दिखाया
- मार्च 2021 से जून 2022 के बीच सितंबर 2021 में सबसे ज्यादा पूछताछ हुई
- मार्च 2021 से जून 2022 के बीच सितंबर 2021 में सबसे ज्यादा पूछताछ हुई

# सिडबी के बारे में

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक संसद के एक अधिनियम के तहत वर्ष 1990 में स्थापित किया गया है। सिडबी को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई क्षेत्र) के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास के तीन कार्यों को क्रियान्वित करने के लिए प्रमुख वित्तीय संस्थान के रूप में कार्य करने और समान गतिविधियों में संलग्न विभिन्न संस्थानों के कार्यों का समन्वय करने के लिए प्राधिकृत किया गया है। इन वर्षों में, अपने विभिन्न वित्तीय और विकासात्मक उपायों के माध्यम से, बैंक ने समाज के विभिन्न स्तरों के लोगों के जीवन को निकट से प्रभावित किया है, पूरे एमएसएमई वर्णक्रम के उद्यमों को प्रभावित किया है और एमएसएमई पारितंत्र के कई विश्वसनीय संस्थाओं के साथ सम्बद्धता रखा है।

विज़न 2.0 के तहत, सिडबी ने एमएसएमई क्षेत्र की ज्ञानपरक विसंगतियों के समाधान, एमएसएमई इकाइयों और क्रिसीडेक्स के स्वास्थ्य अनुवीक्षण, एमएसई संवेदनाओं और आकांक्षाओं को मापने, उद्योग की लोकप्रियता, उद्योग क्षेत्रों की और फिनटेक पल्स के एक व्यापक रिपोर्ट के लिए फिनटेक ऋणदात्री समूहों के ऋण आंकड़ों के बारे में अन्तर्दृष्टि के लिए माइक्रोफाइनेंस पल्स के अलावा एमएसएमई पल्स जैसे पहल करके विभिन्न अग्रणी नेतृत्व किए हैं।

## अल्पवित्त क्षेत्र में सिडबी

सिडबी ने अल्पवित्त आंदोलन का समर्थन करके समावेशी वित्त के ध्येय को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। अल्पवित्त के तहत, बैंक ने यथा मार्च 2022 तक 100 से अधिक एमएफआई को संचयी रूप से ₹23,460 करोड़ के ऋण मंजूर किए हैं। अल्पवित्त इकाइयों को ऋण और ईक्विटी समर्थन के साथ इन संस्थाओं की क्षमता निर्माण समर्थन और अनुपालन मूल्यांकन के साधन आदि के माध्यम के समर्थन से नैगम अभिशासन की संस्कृति को सुव्यस्थित रूप से सुग्राही बनाते हुए पूरक का कार्य कर रहा है। अल्पवित्त उद्योग के कमजोर शुरुआत से पूर्ण उद्योग समूह तक पहुंचाने के लिए हैंडहोल्डिंग के अलावा, हमारी 8 सहयोगी अल्पवित्त संस्थाएं स्माल वित्त बैंक / विश्वव्यापी बैंक में परिवर्तित हो गई हैं। अल्पवित्त ऋण प्रदायगी के तहत परंपरा से हटकर एक पहल यह है कि बाजार दरों से काफी कम ब्याज दरों पर छोटे ऋण सिडबी (साझेदारी व्यवस्था के माध्यम से) से सीधे उपलब्ध कराना है। बैंक द्वारा साझेदारी मॉडल के तहत प्रयास नामक इस पहल के तहत, बाजार दरों की तुलना में कम ब्याज दरों पर पिरामिड के सबसे निचले स्तर के सूक्ष्म उधारकर्ताओं को `0.50 लाख से` 5 लाख के छोटे टिकट के ऋणों का विस्तार किया गया है।

# इक्विफैक्स के बारे में

इक्विफैक्स (एनवाईएसई: ईएफएक्स) में, हम मानते हैं कि ज्ञान प्रगति को बढ़ाता है। एक वैश्विक डेटा, एनालिटिक्स और प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में, हम वित्तीय संस्थानों, कंपनियों, कर्मचारियों और सरकारी एजेंसियों को अधिक आत्मविश्वास के साथ महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद करके वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक आवश्यक भूमिका निभाते हैं। अलग-अलग डेटा, एनालिटिक्स और क्लाउड टेक्नोलॉजी का हमारा अनूठा मिश्रण लोगों को आगे बढ़ने के लिए निर्णय लेने में मदद करता है। अटलांटा में मुख्यालय और दुनिया भर में 11,000 से अधिक कर्मचारियों द्वारा समर्थित, इक्विफैक्स उत्तरी अमेरिका, मध्य और दक्षिण अमेरिका, यूरोप और एशिया प्रशांत क्षेत्र में 25 देशों में संचालित या निवेश करता है। अधिक जानकारी के लिए, Equifax.com पर जाएँ।

### अस्वीकरण

माइक्रोफाइनेंस पल्स (रिपोर्ट) इक्विफैक्स क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (इक्विफैक्स) द्वारा तैयार किया गया है। रिपोर्ट का उपयोग करके उपयोगकर्ता स्वीकार करता है कि इस तरह का उपयोग इस अस्वीकरण के अधीन है। यह रिपोर्ट जून 2022 तक इक्विफैक्स के सदस्य अल्पवित्त संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के संकलन पर आधारित है। यद्यपि रिपोर्ट तैयार करने में इक्विफैक्स उचित ध्यान रखता करता है, परंतु अल्पवित्त संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत गलत या अपर्याप्त जानकारी के कारण सटीकता, त्रुटियों और / या चूक के लिए वह जिम्मेदार नहीं होगा। इसके अलावा, इक्विफैक्स किसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए रिपोर्ट और / या इसकी उपयुक्तता में सूचना की पर्याप्तता या पूर्णता की गारंटी नहीं देता है और न ही इक्विफैक्स रिपोर्ट के माध्यम से किसी भी पहुंच या विश्वसनीयता के लिए उत्तरदायी है और इक्विफैक्स स्पष्ट रूप से सभी दायित्वों से इंकार करता है। यह रिपोर्ट किसी भी आवेदन, उत्पाद की अस्वीकृति / या स्वीकृति के लिए सिफारिश नहीं है और न ही इक्विफैक्स द्वारा (i) ऋण देने और नहीं देने के लिए कोई सिफारिश या (ii) संबंधित व्यक्ति के साथ किसी भी वित्तीय संव्यवहार शुरू करने या नहीं करने से संबन्धित है। रिपोर्ट में निहित जानकारी कोई परामर्श नहीं है और उपयोगकर्ता को इस रिपोर्ट में निहित जानकारी के आधार पर कोई भी निर्णय लेने से पहले विवेकपूर्ण विचार कर सभी आवश्यक विश्लेषण करना चाहिए। रिपोर्ट का उपयोग ऋण सूचना कंपनियां (विनियमावली) अधिनियम 2005, ऋण सूचना कंपनी विनियमवाली, 2006, ऋण सूचना कंपनियां नियम, 2006 के प्रावधानों के तहत संचालित है। रिपोर्ट का कोई भी हिस्सा बिना पूर्व अनुमोदन के प्रतिलिपिबद्ध, प्रकाशित या परिचालित नहीं किया जाना चाहिए।

## संपर्क विवरण

इक्विफैक्स क्रेडिट इन्फॉर्मेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,
इकाई संख्या 931, तीसरी मंजिल, बिल्डिंग नंबर 9,
सोलेटेयर कॉर्पोरेट पार्क, अंधेरी घाटकोपर लिंक रोड,
अंधेरी (पूर्व), मुंबई – 400093

टोल फ्रि न.: **1800 2093247**
**ecissupport@equifax.com**

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

स्वावलंबन भवन, प्लॉट नंबर सी-11, 'जी' ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व),
मुंबई - 400 051 महाराष्ट्र

टोल फ्रि न.: **1800 226753**
**www.sidbi.in/en**



कॉपीराइट © 2022, इक्विफैक्स इंक, अटलांटा, जॉर्जिया। सर्वाधिकार सुरक्षित। इक्विफैक्स इक्विफैक्स इंक का एक पंजीकृत ट्रेडमार्क है।